**पिछले** हफ्ते मैं स्वामिमलई मंदिर गया था। कहते हैं यह मंदिर दूसरी सदी में परांतक चोल प्रथम ने बनवाया था। यह भगवान कार्तिक को समर्पित छह मंदिरों में से एक है। तमिलनाडु में कार्तिक को मुरुगन भी कहते हैं। ये स्थान महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका प्रणव मंत्र (ॐ) की कहानी से बहुत निकट संबंध है, माना जाता है कि यहीं ॐ का रहस्य उद्घाटित हुआ था। मैं साल में कम से एक बार यहां दर्शन के लिए आता हूं क्योंकि मेरे पूर्वजों की यहां गहरी आस्था थी, मेरे माता-पिता मंदिर के आसपास के गांवों में ही जन्मे थे। मेरी मां के परिवार में ये कुल-देवता का मंदिर है। पहाड़ की चोटी पर मौजूद मंदिर तक पहुंचने वाली 60 सीढ़ियां हिंदू पंचांग के 60 वर्षों को दर्शाती हैं। पंचांग के अनुसार जिंदगी में सभी सितारे 60 साल में एक बार उसी स्थिति पर वापस आते हैं, मतलब जन्म के समय मौजूद सितारे वहीं लौटते हैं।

स्वामिमलई की तलहटी में खड़े होकर मैं आश्चर्य कर रहा था कि कैसे इस जगह को बारहमासी कावेरी नदी का वरदान मिला है, जो सदियों से और साल के 365 दिन यहां सबको पीने का पानी उपलब्ध करा रही है, फिर भी यहां एक ढंग का होटल या गेस्ट हाउस नहीं है, जिसे मैं साफ-सुथरा कहूं। पतली गलियों में साफ घर हैं और हर हर घर किसी न किसी तरह से खेती से जुड़ा है। पिछले छह दशकों में मैंने देखा है कि गांव के सैकड़ों लोग बेहतर अवसर की तलाश में शहर चले गए हैं, हालांकि यहां तीर्थ पर्यटन तेजी से बढ़ा है। कुंभकोणम से तंजावूर की पूरी पट्टी में महज 40 किमी के दायरे में हजारों मंदिर हैं, इनमें हरेक के अपने समर्पित श्रद्धालु हैं और स्वामिमलई उनमें से एक है। मैंने कभी नहीं सुना कि कोई इलाके में जाए और सिर्फ एक मंदिर के दर्शन करे। तीर्थयात्री यहां कम से कम तीन दिन रुकते हैं और मंदिरों के दर्शन करते हैं, पर आसपास रुकने के लिए कोई एक होटल नहीं मिलता।

इससे मुझे चीन के झेजियांग में शेंजियानजू पर्वत की तलहटी में मौजूद गांव शिआए की याद आ गई, यहां 1500 से ज्यादा घर नहीं है, जो स्वामिमलई का आधा ही होगा। यहां बारह महीने बहने वाली नदी और हर घर में कृषि आधारित आतिथ्य का बिजनेस होने के बावजूद शिआए के लोग भी स्वामिमलई की तरह मेट्रो शहरों का जीवन जीने के लिए चले गए। हालांकि 2000 के दशक के बीच चीजें बेहतरी के लिए बदलना शुरू हुईं। नदी की सफाई हुई, कूड़ा कम हुआ और इसे प्रोसेस किया गया, सड़कें बनी और इस गांव में इन सालों में 120 होमस्टे बने। दिलचस्प रूप से इन 120 में से 7 को फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी से मान्यता मिली और इस गांव में पिछली साल 5.90 लाख लोग आए। शिआए में साल 2010 में प्रति व्यक्ति आय 5,020 युआन (57,479 रु) थी, 2022 में ये 29,027 युआन (3,32,329 रु) हो गई है।

मुझे बताएं हमारे पास क्या नहीं है? हमारे यहां दुनिया की सबसे पुरानी भाषा (तमिल) आज भी बोली जाती है। कंप्यूटर विशेषज्ञों का मानना है कि एआई के लिए इकलौती सटीक भाषा संस्कृत है। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम करने वाले आधे कर्मचारी हम भेजते हैं। इतने आधुनिक होने के बावजूद हमने अपनी गहरी संस्कृति और ईसा-पूर्व व ईस्वी में बने मंदिरों की आज तक रक्षा की है। इतने समृद्ध इतिहास के साथ क्या हम अपने ग्रामीण इलाकों को बेहतर जगहों में तब्दील नहीं कर सकते, जिससे ये राजस्व पैदा करने वाले केंद्र बन सकें? हम कर सकते हैं। पर हमें सिर्फ दो चीजों की जरूरत है।

**फंडा यह है कि** अपनी पुरानी पीढ़ियों से मिली हर चीज का सम्मान करें और इन्हें विकसित करने के लिए उद्यमी वाली मानसिकता पैदा करें, ताकि अर्थव्यवस्था को गति दे सकें।

**सीएम के 6 सियासी सलाहकार** • राय चंद ही मिलीं, सियासी संकट के दौरान बनाया गया था 6 विधायकों को सलाहकार

# न सुविधा न ही मंत्री का दर्जा; डेढ़ साल में 1 बैठक, उसमें भी सिर्फ 'परिचय' हुआ

आलोक खण्डेलवाल | जयपुर

कांग्रेस में सुलह के बाद प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की बहु प्रतिक्षित नियुक्तियां कर दी गई। अब प्राधिकरणों एवं यूआईटी चेयरमैन सहित राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर गहमागहमी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि जल्द ही ये नियुक्तियां जारी की जा सकती हैं। हालांकि, राजनीतिक नियुक्तियों खासकर सियासी संकट से उबरने के प्रयासों के बीच राज्य के 6 विधायकों को मुख्यमंत्री का राजनीतिक सलाहकार बनाया गया, लेकिन डेढ़ साल में इनकी सिर्फ एक बैठक हो पाई है। वह भी सिर्फ 'परिचय' तक सीमित रही। उसके बाद अब तक कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई है। हालांकि सलाहकारों का दावा है कि जब भी सीएम से मिलते हैं, राय देते ही हैं।

### बंगला या सुरक्षा मिली तो भी सलाहकार के रूप में नहीं

चर्चा थी कि इन सलाहकारों को कार्यालय, गाड़ी आदि की सुविधा मिलेगी और राज्य मंत्री का दर्जा दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कुछ को सरकार ने बंगला या सुरक्षा मुहैया कराई है, लेकिन ये सुविधाएं सलाहकार के तौर पर नहीं हैं।

### छह सलाहकार : 3 निर्दलीय, और 3 कांग्रेस के विधायक

सियासी संकट के दौरान सरकार के समक्ष बड़ा सवाल था कि निर्दलीय विधायकों को कैसे साधा जाए। कई विधायकों को एडजस्ट करके सत्ता को बचाए रखना था। ऐसे में जनवरी 2022 में सीएम अशोक गहलोत ने 6 विधायकों को सलाहकार नियुक्त किया। इनमें संयम लोढ़ा, बाबूलाल नागर व रामकेश मीणा निर्दलीय विधायक हैं। जबकि राजकुमार शर्मा, दानिश अबरार और डॉ. जितेंद्र सिंह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते हैं।

### अब ज्यादातर बोले- बैठकें तो नहीं हुईं, लेकिन जब भी मिलते हैं...सलाह तो देते ही हैं

#### चिरंजीवी को लेकर सलाह दी : शर्मा

*औपचारिक बैठक के बाद मैं सीएम से कई बार मिला। सलाह दी कि चिरंजीवी व दवा योजना को अंतिम छोर तक ले जाएं। योजना में यह भी जोड़ें कि कोई बाहर जाकर भी बीमारियों का इलाज करा सके। सलाहकार के रूप में सुविधाएं नहीं मिली।*

**-डॉ. राजकुमार शर्मा,** विधायक, नवलगढ़

#### एक औपचारिक मीटिंग हुई : लोढ़ा

*केवल एक औपचारिक मीटिंग हुई, फिर कोई मीटिंग नहीं हुई। वैसे सलाह तो देते ही हैं। व्यक्तिगत मुलाकातों में बातचीत होती है। ऑफिस और गाड़ी की सुविधा नहीं मिली है।*

**-संयम लोढ़ा,** विधायक, सिरोही

#### गंगापुर को जिला बनाने को कहाः मीणा

*मीटिंग भले ही नहीं हुई, लेकिन मैं सलाह देने में पीछे नहीं रहा। गंगापुर सिटी को जिला बनाने, पानी व अन्य मुद्दों पर कई सलाह दी।*

**-रामकेश मीणा,** विधायक, गंगापुर सिटी

#### डॉक्टर्स की हड़ताल पर सलाह दीः सिंह

*औपचारिक मीटिंग तो एक ही हुई लेकिन सीएम को अपनी ओपीनियन देता रहता हूं। मैंने ही मध्यस्थता कर डॉक्टर्स की हड़ताल खत्म करवाई थी। सीएम मेरी ओपीनियन लेते हैं और उचित लगे तो अपनी योजनाओं, बजट में शामिल करते हैं। उच्च शिक्षा सहित कई विभागों को लेकर मैंने राय दी हैं।*

**-डॉ. जितेंद्र सिंह,** विधायक, खेतड़ी

**भाजपा का किसान सम्मेलन और महाघेराव**

# जमीन कुर्क होने से किसान आत्महत्या को मजबूर: जोशी



**झुंझुनूं** | भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश की नाकारा सरकार को हटाने की हुंकार लोहार्गल और रानीसती की धरती से भरी जा रही है। किसानों की भावनाओं के साथ संपूर्ण कर्ज माफी के नाम पर झूठा वादा किया गया। प्रदेश के 19 हजार किसानों की जमीनों को नीलाम करने का आदेश दे दिया। इससे किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। खराब फसलों का मुआवजा भी नहीं दे पा रही है। जोशी बुधवार को शहर के पीरूसिंह स्कूल में भाजपा के किसान सम्मेलन और जनाक्रोश महाघेराव को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन को पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा, जगबीर छाबा, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भागीरथ चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा हरिराम रणवा, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़, सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, विधायक सुभाष पूनिया ने संबोधित किया।

### राठौड़ का सरकार पर हमला

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार संपूर्ण कर्जमाफी का वादा कर सत्ता में आई थी, तब 99996 करोड़ रुपए का कर्ज माफ करना था। जबकि 19600 किसानों की जमीन कुर्की हो गई। इसका सरकार को जवाब देना होगा। विधानसभा में खुद मुख्यमंत्री गहलोत ने लम्पी से मृत गोवंश को मुआवजा देने की बात कही थी। लेकिन अब तक उनको मुआवजा नहीं दिया।

### किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाली

किसान सम्मेलन के बाद जोशी व राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता व किसान पैदल मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंच वहां का घेराव किया। युवा मोर्चा व महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने बेरिकेट पार करने का प्रयास किया। इससे पहले शहर के सेठ मोतीलाल स्टेडियम से भाजपा कार्यकर्ताओं व किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाली।

## बाबू देसाई व केसरीदेव सिंह झाला ने दाखिल किया नामांकन पत्र

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

गुजरात में तीन सीटों पर राज्यसभा चुनाव होंगे, जिसमें बीजेपी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के बाद दो और उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें बीजेपी ने बनासकांठा से पूर्व बीजेपी विधायक बाबू देसाई और रबारी समाज के भामाशा कहे जाने वाले वांकानेर के राजघराने से केसरीदेव सिंह झाला के नाम पर मुहर लगाई है। बुधवार की दोपहर 2 बजे दोनों ने गुजरात विधानसभा में अपना नामांकन पत्र भरा।

**बाबू देसाई बिल्डर थे, 2007 में कांकरेज सीट से विधायक बने**

बाबूभाई अहमदाबाद में सोला रोड पर रहते हैं। रबारी समुदाय में उन्हें भामाशा कहा जाता है, जो मूल रूप से एक बिल्डर थे और यहीं से वे विधायक बने।

**झुंझुनूं :** उदयपुरवाटी में हादसा, महिला के पति पर मामला दर्ज

# घर में बारूद फटा; महिला का धड़ छत फाड़कर 34 फीट दूर पड़ोसी के यहां गिरा

भास्कर न्यूज़ | उदयपुरवाटी (झुंझुनूं)

उदयपुरवाटी में बुधवार सुबह 8 बजे घर में पटाखे बनाने के लिए रखे अवैध बारूद में विस्फोट से महिला के चिथड़े उड़ गए। एक किमी एरिया धमाके से गूंज उठा। हादसा इस्लामिया मदरसा के पास रहने वाले शोरगर के मकान में हुआ, जहां 5-7 परिवार साथ रहते हैं। धमाके से कमरे की छत उड़ गई और महिला अफरीन (25) पत्नी जावेद का धड़ छत में बने सुराख से होते हुए 34 फीट दूर पड़ोसी की छत पर जाकर गिरा। बायां पैर 100 मीटर दूर मिला जबकि एक हाथ मिला ही नहीं। एएसआई रामसिंह ने पति जावेद, काका ससुर साजिद के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



बुधवार को सुबह घर के अंदर पटाखे बनाते समय हुए विस्फोट से उड़ी छत। (इनसेट) मृतका अफरीन।

### 20 साल पहले भी यहां विस्फोट से 5 लोगों की जान गई थीं

इसी मकान में 20 साल पहले विजयादशमी के लिए रावण पुतले बनाने के दौरान विस्फोट हुआ था। इसमें मकान ढहने से परिवार के 5 सदस्यों की मौत हो गई थी। थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि बिना लाइसेंस विस्फोटक सामग्री रखने, पटाखे बनाने व लोगों की जान जोखिम में डालने का मामला दर्ज किया गया है।

## पूर्व शिक्षामंत्री को सांस लेने में तकलीफ, यूएन महेता अस्पताल में भर्ती

**अहमदाबाद** | राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री भूपेन्द्रसिंह चुडासमा की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। गांधीनगर स्थित अपने आवास पर रात करीब दो बजे उन्हें अचानक सांस लेने में तकलीफ हुई और वे तुरंत इलाज के लिए यूएन मेहता अस्पताल पहुंचे। मेडिकल जांच के दौरान पता चला कि उनकी नली में रुकावट है और उनकी बायपास सर्जरी की जाएगी। फिलहाल विशेष डॉक्टरों की एक टीम उनका इलाज कर रही है। इसके बाद चुडासमा की बाइपास सर्जरी की जाएगी। सर्जरी के बाद उन्हें 3 दिनों तक आईसीयू में निगरानी में रखा जाएगा। गुजरात बीजेपी के सबसे वरिष्ठ नेता भूपेन्द्र सिंह चुडासमा की विधानसभा चुनाव में जीत को हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है।



## सीएम आज 502 करोड़ के प्रोजेक्ट का करेंगे भूमिपूजन व लोकार्पण

**सूरत** | मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल गुरुवार को सूरत आएंगे। वह वीर नर्मद दक्षिण गुजरात यूनिवर्सिटी में आयोजित पीएम मित्रा पार्क के एमओयू कार्यक्रम में शामिल होंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री शाम 4 बजे अडाजण के संजीवकुमार ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में सूरत मनपा, सूडा और सड़क निर्माण विभाग के अनुमानित 502.34 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इनमें अर्बन रिंग रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूआरडीसीएल) और तापी नदी पर 403 करोड़ रुपए से पुल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन शामिल है। सूडा के 33.08 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन होगा। इसी तरह सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के 20.13 करोड़ के रांदेर के रामनगर में सरकारी संपत्ति में नवनिर्मित बी श्रेणी भवनों के दो ब्लॉक का उद्घाटन होगा।


## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज़ सं. 67-70, सेक्टर-2 पंचकूला-134151

website: www.hssc.gov.in

**विज्ञापन संख्या 1/2015, कैट संख्या 07 के तहत एमपीएचडब्ल्यू (पुरुष) के पद हेतु अनंतिम साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को सूचना**

याचिकाकर्ताओं की जानकारी के लिए यह है कि आयोग ने एलपीए नंबर 2018 के 1101 का शीर्षक मुनीश कुमार बनाम हरियाणा राज्य और अन्य में दिनांक 20.01.2020 के आदेश अथवा सीडब्ल्यूपी नंबर 2018 के 21097 शीर्षक वेद प्रकाश बनाम हरियाणा राज्य और अन्य में दिनांक 27.08.2018 को पारित आदेश अथवा 01.03.2019 को सीडब्ल्यूपी नंबर 2018 के 11474 शीर्षक बलजीत सिंह और अन्य बनाम हरियाणा राज्य और अन्य में पारित माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विज्ञापन संख्या 1/2015, कैट नंबर 07 के तहत एमपीएचडब्ल्यू (पुरुष) के पद के लिए आयोग का कार्यालय, बे नंबर 67-70, सेक्टर-02, पंचकुला, हरियाणा में दिनांक 17.07.2023 को प्रातः 10:00 बजे अनंतिम साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा हेतु याचिकाकर्ताओं मनीष कुमार जिनका रोल नंबर 29703883 है और वेद प्रकाश जिनका रोल नंबर 29708855 है उन्हें फिर से बुलाने का निर्णय लिया है।

याचिकाकर्ताओं को सभी मूल दस्तावेज, सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों का एक सेट और डाउनलोड किए गए आवेदन पत्र की स्वप्रमाणित प्रति, दो नवीनतम फोटो और एक आईडी प्रमाण लाने का भी निर्देश दिया जाता है, यदि कोई उम्मीदवार दिनांक 17.07.2023 को अनंतिम साक्षात्कार के लिए उपस्थित नहीं होता है तो उसके बाद कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।

स्थान : पंचकुला
दिनांक : 12 जुलाई, 2023

हस्ता/-
अप सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकुला

1159/13/567/2024/19329/10/6



## कुटेशन नोटिस

हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द में वाहनों की मुरम्मत के लिए हार्डवेयर / पैटी आईटम / मिसलेनियस आईटमस की अगले एक वर्ष के लिए खरीद की जानी है । इच्छुक सप्लायर दिनांक 17-08-2023 तक अपनी सील बन्द कुटेशन महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द के नाम भेज सकते है । जिसके उपर स्टोर आईटम कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। स्टोर आईटम की लिस्ट व अन्य शर्तो के लिए महाप्रबन्धक कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है । कुटेशन से सम्बन्धित सभी दस्तावेज किसी भी कार्यदिवस में आकर 100/- रूपये जमा करवाने उपरान्त कार्यालय महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द की एस०पी०ए० शाखा में प्राप्त कर सकते हैं।

ई मेलः- gmhrjind1@gmail.com
मो० :- 95186 88791, 93155 33991

महाप्रबन्धक
हरियाणा राज्य परिवहन
जीन्द

1119/11/353/2024/19317/10/6



## ICMR-NATIONAL INSTITUTE OF NUTRITION

INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH

Tarnaka, Hyderabad -500 007, Telangana State, India.

Advt.No.ICMR-NIN/Tech.Recruit/2023 Date: 12-07-2023

**RECRUITMENT NOTIFICATION**

ICMR-National Institute of Nutrition, Hyderabad functioning under the aegis of Department of Health Research, Ministry of Health & Family Welfare, GOI calling online applications from the eligible candidates for filling up of the posts under Direct Recruitment as detailed under:

| Sl. No. | Name of the Post | Pay Level | No. of Posts |
|---|---|---|---|
| 1 | Technical Assistant | Level: 6 - Rs. 35400 - 112400 | 45 Posts |
| 2 | Technician-1 | Level: 2 - Rs.19900 - 63200 | 33 Posts |
| 3 | Laboratory Attendant-1 | Level: 1 - Rs.18000 - 56900 | 38 Posts |

The detailed Recruitment Notification will be published in ICMR-NIN web-site **www.nin.res.org** on **24-07-2023** along with online registration / application link. The last date for receipt of application is **14-08-2023.** Any changes will be notified by corrigendum /addendum in the website.

**Sd/- DIRECTOR**



**GOVERNMENT OF INDIA, MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS**
**NOTICE**
**FOR APPOINTMENT OF VICE CHANCELLOR IN LAKSHMIBAI NATIONAL INSTITUTE OF PHYSICAL EDUCATION, (LNIPE), GWALIOR**

Lakshmibai National Institute of Physical Education (LNIPE), Gwalior is a Deemed to be University under Section 3 of the University Grants Commission Act, 1956 and fully funded by the Government of India, Ministry of Youth Affairs & Sports. The organization was initially established as a College of Physical Education in 1957 and it is having the status of Deemed to be University since 1995. It is run through a Society registered under Madhya Pradesh Societies Registration Act, 1973. The Board of Management is its supreme authority and is headed by the Vice Chancellor, who must be an academician and is the Principal Executive and Academic Officer of the Institute.

The Department of Sports, Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India wishes to appoint a Vice Chancellor, Lakshmibai National Institute of Physical Education (LNIPE), Gwalior in the pay-scale of Rs. 2,10,000/- plus special allowance of Rs. 5000/- and other allowances from time to time. The Vice Chancellor shall be appointed by the President of LNIPE out of a panel to be recommended by a Search-cum-Selection Committee which will be constituted as per the provisions of MOA/Rules of LNIPE, Gwalior. The Vice Chancellor shall hold office for a term of five years from the date of assuming the office or till attaining the age of 70 years, whichever is earlier.

The person to be appointed as Vice Chancellor must be a person of highest level of competence, integrity, moral and institutional commitment and should not be over 65 years of age as on date of advertisement of the Notice. He should be a distinguished academician, with a minimum ten years of experience as Professor in a University system or ten years experience in an equivalent position in a repute research and/or academic administrative organization. The eligibility criterian is given in **Annexure-I.**

Names of eminent personalities in the field of education meeting the above parameters and having high academic achievements to their credit and also possessing administrative ability to provide leadership to the Institute may be submitted to Sh. **Subhabrata Karmakar, Deputy Secretary, Hall No. 101, Near Ramp No. 1, JLN Stadium, Department of Sports, Ministry of Youth Affairs & Sports, Lodhi Road, New Delhi-110003 within 30 days from publication of this advertisement.** The applications/nominations received after the due date will not be considered.

The interested persons may also submit their applications through proper channel, if applicable, along with all supporting documents and credentials to substantiate their eligibility in terms of qualification as well as experience i.e. minimum ten years of experience as Professor in a University system or ten years experience in an equivalent position in a reputed research and/or academic administrative organization.

The applications/nominations may be made in the prescribed format **(Annexure-II).**

**Sd/-**
**(Nitesh Kumar Mishra)**
**Joint Secretary (Administration)**
**Ministry of Youth Affairs & Sports**

**(Note: Both the Annexures are part of this Notice and available at websites www.yas.nic.in and www.lnipe.edu.in).**



## सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक
## Sarva Haryana Gramin Bank

**Regional Office: SHGB House, Plot No. 1, Sector-3, Rohtak- 124001**

**Advertisement for New Premises**

Sarva Haryana Gramin Bank invites proposal for new premises on Lease/Rent basis for its Bank Outlet. Interested person(s)/party (ies) having suitable commercial place/premises may submit their proposal with full details in a sealed envelope marked as "Proposal for Bank Premise: Rohtak Main (Chotu Ram Chowk, Rohtak) & Rohtak Mata Darwaja (Babra Mohalla, Rohtak)" to Regional Office: Rohtak by 26.07.2023 up to 04.00 PM. Bank reserves its right to reject any or all the proposals without citing any reason. Corrections/Corrigendum, if any, will be placed on Bank website only. For details, visit our website www.shgb.co.in

| Sl. No. | Name of Bank Outlet & (Proposed Area for New Premises) | Classifi-cation | District | Area Required (sq.ft.) (+/- 5%) | Proposal to be sent to Regional Office:Rohtak |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rohtak Main Branch (Near by Ambedkar Chowk, Civil Lines Road, HUDA Complex & Sonipat Road) | Urban | Rohtak | 1200-1500 | The Regional Manager, Sarva Haryana Gramin Bank, Regional Office: Plot No 1 Sector -3 Huda Distt. Rohtak (124001) M.9729997635 |
| 2. | Rohtak Mata Darwaja, Babra Mohalla, Rohtak(Near by Gurudwara Bangla Sahib, Mata Darwaja & Maharana Partap Chowk near Jind By-Pass, Rohtak) | Urban | Rohtak | 1200-1500 | |

Separate envelopes for technical and financial bid super scribed as "Technical Bid for premises for branch office Rohtak Main / Rohtak Mata Darwaja" & "Financial Bid for premises for branch office Rohtak Main / Rohtak Mata Darwaja" respectively will be sealed, which shall further be kept in one envelope mentioning as "offer for premises for branch office Rohtak Main/Rohtak Mata Darwaja" shall be super scribed on the cover along with name and mobile no. of the owner. **Note:** Date of opening of Technical Bids is 27.07.2023 at 11.00 AM.(If there is any change in date of opening of Bids, the same will be placed on Bank's Website www.shgb.co.in)

**Regional Manager**



## CL educate
## सीएल एजुकेट लिमिटेड

**सीआईएनः L74899HR1996PLC076897**

**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट नं 9ए, सेक्टर 27ए, मथुरा रोड, फरीदाबाद, हरियाणा-121003, भारत
**कार्पोरेट कार्यालयः** ए-45, प्रथम तल, मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली-110044, भारत
**फोन नं.:** 0129-2273242, 011-4128 1100, **फैक्सः** 011-4128 1101
**वेबसाइटः** www.cleducate.com, **ईमेलः** compliance@cleducate.com,

**27वीं वार्षिक आम सभा की सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सीएल एजुकेट लिमिटेड("कंपनी") के सदस्यों की 27वीं वार्षिक साधारण सभा("एजीएम") गुरुवार, 03 अगस्त 2023 को सुबह 11 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग ("वीसी")/ अदर ऑडियो विजुअल मीन्स("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से आयोजित होना निर्धारित किया गया है जो कि कंपनी अधिनियम, 2013("अधिनियम") के अंतर्गत लागू सभी प्रावधानों तथा सेबी के 12 मई 2020, 15 जनवरी 2021, 13 मई 2022 तथा 05 जनवरी 2023 को जारी परिपत्रों एवं एमसीए द्वारा जारी कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई 2020, 02/2022 दिनांक 05 मई 2022 तथा 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022 के साथ पठित एवं तय किए गए नियमों, 27वीं एजीएम से संबंधित सूचना में निर्धारित व्यवसायों के अनुपालन में है।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ 27वीं वार्षिक आम सभा की सूचना की इलेक्ट्रानिक प्रतियां सभी शेयरधारकों को इलेक्ट्रानिक माध्यम से भेजी जा चुकी हैं जिनके ई-मेल पते शुक्रवार, 07 जुलाई 2023 तक कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर, कंपनी/निक्षेपागार सहभागियों या कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट('आरटीए'), केफिन टेक्नोलॉजीस लिमिटेड('केफिन') के साथ पंजीकृत हैं। कथित दस्तावेजों का ई-मेल प्रेषण बुधवार, 12 जुलाई 2023 को पूरा किया जा चुका है।

**ई-वोटिंग सूचना**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के नियम 44 के अनुसरण में वार्षिक आम सभा के दौरान कंपनी अपने सभी सदस्यों को केफिन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली रिमोट ई-वोटिंग एवं एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना वोट देने की सुविधा प्रदान कर रही है।

बोर्ड निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से वोटिंग प्रक्रिया संचालन के लिए मेसर्स शर्मा और त्रिवेदी एलएलपी(LLPIN: AAW-6850) के नामित सहयोगी कंपनी सचिवों मिस्टर सचिन शर्मा(C.P. No.: 20423) एवं उनकी अनुपस्थिति में मिस्टर दिनेश त्रिवेदी(C.P. No.: 22407) एवं उनकी अनुपस्थिति में मिस्टर विश्वनाथ(C.P. No.: 25099) को स्क्रूटिनाइजर के रूप में नियुक्त करता है। सदस्य ध्यान दें किः

1. गुरुवार, 27 जुलाई 2023 की कट ऑफ तिथि पर शेयर रखने वाले सदस्य ही सूचना में अभिव्यक्त व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से, ई-वोटिंग के द्वारा अपना वोट दे सकते हैं।
2. कोई भी सदस्य जो सूचना प्रेषण के बाद शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का एक सदस्य बनता है एवं कट ऑफ तिथि गुरुवार, 27 जुलाई 2023 तक शेयर रखता है वो **https://evoting.kfintech.com/** पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि यदि वे ई-वोटिंग के लिए केफिन पर पहले से ही पंजीकृत हैं तब वे वोट देने के लिए मौजूदा यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग कर सकते हैं।
3. रिमोट ई-वोटिंग की अवधि सोमवार, 31 जुलाई 2023 को प्रातः 09:00 बजे से प्रारंभ होगी जो बुधवार, 02 अगस्त 2023 को शाम 05:00 बजे तक चलेगी। इसके बाद केफिन द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए अक्षम कर दी जाएगी। रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति उक्त तिथि एवं समय से परे नहीं दी जाएगी।
4. कोई भी सदस्य जिसका नाम कट ऑफ डेट तक डिपॉजिटरी के द्वारा संभाले जा रहे लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर या सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, वो एजीएम के दौरान ई-वोटिंग या रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ लेने का अधिकारी होगा।
5. सदस्य जिन्होंने एजीएम के पहले ही रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपना मत दे दिया है, बैठक में भाग ले सकते हैं, लेकिन बैठक के दौरान फिर से अपना वोट डालने के अधिकारी नहीं होंगे।
6. सदस्य ध्यान दें कि वार्षिक आम सभा की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.cleducate.com**, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों - बीएसई लिमिटेड **(www.bseindia.com)**, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **(www.nseindia.com)** एवं केफिन ई-वोटिंग वेबसाइट **https://evoting.kfintech.com/** पर भी उपलब्ध है।
7. यदि शेयरधारकों / सदस्यों के पास ई-वोटिंग के बारे में कोई प्रश्न / शिकायत है, तो वे सदस्यों और ई-वोटिंग के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों ("एफएक्यूएस") को संदर्भित कर सकते हैं। उपयोगकर्ता मैनुअल **https://evoting.kfintech.com/** के 'डाउनलोड' सेक्शन पर उपलब्ध है या वे टोल फ्री नंबरः 1800-309-4001 पर संपर्क करें।

**बुक क्लोजर**

इसके अतिरिक्त, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित उनके अधीन बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर ट्रांसफर बुक कंपनी की 27वीं वार्षिक आम सभा के प्रयोजन के लिए शुक्रवार, 28 जुलाई 2023 से गुरुवार, 03 अगस्त 2023 (दोनों दिवस सम्मिलित) बंद रहेंगे।

**सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वो एजीएम सूचना में अभिव्यक्त सभी टिप्पणियों को सावधानीपूर्वक पढ़ें जहां विशेष रूप से एजीएम में सम्मिलित होने, एजीएम के दौरान ई-वोटिंग या रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देने के निर्देश हैं।**

सीएल एजुकेट लिमिटेड के लिए
हस्ता /-
गौतम पुरी
उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00033548

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 13 जुलाई 2023